# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन–456006 (म.प्र.)
**Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan**
(Ministry of HRD, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)


पत्र सं.17-3/2019(प्र.वि)/मसारावेविप्र/ दिनांक – 03/04/2020

## सूचना

आज दिनांक 3 अप्रैल 2020 को माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी ने टेलीकान्फ्रेंस के माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सभी ब्यूरो प्रमूखों, विश्वविद्यालयों, संस्थानों एवं शैक्षणिक संगठनों के प्रमुखों से चर्चा की जिसमें उन्होंने पिछले 9 दिनों में करोना महामारी-संक्रमण के विरुद्ध एकजुट हो कर किये जा रहे प्रयासों के लिये बधाई दी जिसकी प्रशंसा माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने आज दिये गये संदेश में की है ।

माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी ने माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा देश से दिनांक 5 अप्रैल 2020 की रात्रि 9 बजे से 9 मिनिट तक अपनें घरों की लाईट बन्द कर, घर की बालकनी, दरवाजे आदि पर दीये, मोमबत्ती, टार्च, मोबाईल की टार्च से रोशनी फैला कर "दीप जला तिमिर मिटा" के किये गये आह्वान का पालन करने के निर्देश दिये हैं।

माननीय मंत्री जी नें आरोग्य हेतु आयुष मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन कर नियमित योग करनें, गरम पानी पीने, हल्दी, जीरा, धनिया, तुलसी, कालीमिर्च, अदरक, शुण्डी आदि के सेवन करनें व **आरोग्य सेतु एप** में दी गयी जानकारी का पालन करनें के निर्देश प्रदान किये।

माननीय मंत्री जी नें यह संदेश प्रदान किये कि इस कष्ट की घड़ी में प्रत्येक व्यक्ति के मनोबल को बढ़ानें हेतु भारत सरकार तत्पर है ।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों तथा इससे सम्बद्ध वेद पाठशालाओं एवं गुरुशिष्य परम्परा इकाइयों, राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय के अध्यापकों एवं छात्रों को यह निर्देश प्रदान किये जाते हैं कि वे माननीय प्रधानमंत्री जी व माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देश एवं संदेश का पालन कर करोना महामारी के विरुद्ध एकजुटता से कार्य करें।

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि :-

1. समस्त स्टाफ, म.सा.रा.वे.वि.प्र., उज्जैन।
2. समस्त अध्यापक, छात्र - राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, वेद पाठशालाएँ एवं गुरुशिष्य परम्परा इकाइयाँ।


दूरभाष (0734)2502266, 2502254, 2502255 फैक्स (0734-2502253)
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in